INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH

Worksheet for the Academic Year 2023-24

CLASS: 10th SUBJECT: Hindi DATE: 25-05-23.

LESSON : व्याकरण : वाक्य रूपांतरण

1- **निम्नलिखित संयुक्त वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलिए।**

1. नेता जी ने बातें कीं और लोगों को गुस्सा आ गया।
2. पिता जी जाएँगे या माता जी जाएँगी।
3. मेरा दोस्त विदेश चला गया, पर वहाँ खुश नहीं है।
4. मेरे दाँत में दर्द है, अत: मैं बोल नहीं सकता।
5. मैंने गलती की है और सज़ा भी मैं ही भुगतूँगा।
6. आज मेरी पत्नी ने कढ़ी बनाई है और चावल भी बनाए हैं।
7. अध्यापक कक्षा में गए और पढ़ाना शुरू कर दिया।
8. उसने साइकिल उठाई और दफ़्तर की ओर चला गया।
9. माँ ने दही खिलाया फिर मुझे यात्रा पर भेजा।
10. उसने समझाया था पर मैं ही नहीं माना।

2- **निम्नलिखित सरल वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में बदलिए।**

1. उगता हुआ सूरज बहुत मनमोहक लगता है।
2. गुस्सा होने के कारण उसने मुझसे बात नहीं की।
3. कमरे में बैठे लोग अब ऊब चुके हैं।
4. पिता जी ने ट्रेन में बिठाकर मुझे विदा किया।
5. हम लोग कॉफ़ी पीने रेस्त्राँ में गए।
6. पिता जी के समझाने के बावजूद भी वह नहीं मानी।
7. अध्यापक के चले जाने पर सब छात्र खुश हो गए।
8. सूरज ढलने पर अँधेरा हो गया।
9. वह अमेरिका जाकर नौकरी करेगी।
10. सुबह होते ही चिड़ियाँ चहचहाने लगती हैं।

3- **निम्नलिखित सरल वाक्यों को मिश्र वाक्यों में बदलिए।**

1. बच्चों ने दीवाली पर पहनने के लिए कपड़े खरीदे हैं।
2. मेहनत करनेवाले को ही नौकरी मिलेगी।
3. तबीयत खराब हो जाने के कारण मैं शादी में नहीं जा पाया।
4. उसके कार से बाहर निकलते ही गोली चली।
5. आपकी इच्छा के अनुरूप आपका स्वागत नहीं हुआ।
6. मेरे कमरे का फ्रिज खराब है।
7. साहसी लोग ही हिमालय पर चढ़ पाते हैं।
8. समय निकल जाने पर अफ़सोस करना बेकार है।
9. जानेवाला कहाँ रुकता है।
10. उसका सारा सामान चोरी हो गया।

CamScanner

4- निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए :

1. जो व्यक्ति परिश्रमी होते हैं, वे अच्छे लगते हैं। (सरल वाक्य में)
....

2. सच बोलने वाले को कोई डरा नहीं सकता। (मिश्र वाक्य में)
....

3. परिश्रमी व्यक्ति के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं है। (मिश्र वाक्य में)
....

4. जिन बालकों ने शोर मचाया था वे पकड़ लिए गए हैं। (सरल वाक्य में)
....

5. आप पलंग पर लेटकर विश्राम करें। (संयुक्त वाक्य में)
....

6. मेहनत करने पर भी गरीबों को भर-पेट रोटी नहीं मिलती। (संयुक्त वाक्य में)
....

7. निरीक्षक ने उसी छात्र को पकड़ा जो नकल के काग़ज़ रखे हुए था। (साधारण वाक्य में)
....

8. थोड़ा विश्राम करके आगे जाइएगा। (संयुक्त वाक्य में)
....

9. वेतन मिलेगा और कर्जा चुका दूँगा। (मिश्र वाक्य में)
....

10. गुणी को सभी आदर देते हैं। (मिश्र वाक्य में)
....

11. थोड़ा रुक कर बोलिए। (संयुक्त वाक्य में)
....

12. जिन लोगों ने उग्रवादियों को घर में छुपाया था, पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। (साधारण वाक्य में)
....

13. जो बालक सत्य बोलते हैं, वे सभी को अच्छे लगते हैं। (साधारण वाक्य में)
....

14. आप कुर्सी पर बैठकर बातें करें। (संयुक्त वाक्य में)
....

CS CamScanner